हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री


10 सभी अधिकारी-कर्मचारी स्वगणना फार्म भरें...






10 प्रधान पाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई...




## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट चार के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** ग्राम सावित्रीपुर में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी यशवंत कुमार जटवार पिता हरिशंकर (32 साल) ग्राम सावित्रीपुर ने बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उसके साथ हीरालाल व अन्य तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 8(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बैधपाली बाजार में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बैधपाली बाजार से 20 अप्रैल को आरोपी विजय भारती पिता दूजेराम (31 साल) निवासी नूनपानी के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब पीने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जमदरहा चौक भंवरपुर में लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे एक व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में आरोपी नरेंद्र साहू पिता चैतराम (41 साल) ग्राम पुरुषोत्तमपुर के विरूद्ध धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

### चाकू लहराकर डराने धमकाने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नगर के संजय कानन के पास बटनदार चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक के खिलाफ कोतवाली थाने में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 20 अप्रैल को आरोपी भारत साहू पिता हेमलाल साहू (19 साल) निवासी वार्ड नं 2 इमलीभांठा बटनदार चाकू लेकर संजय कानन के पास लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# 6 बार थम्ब लगाने और राशन लेने में लग रहा पूरा 20 मिनट

## गर्मी के चलते कहीं दुकानें सुबह से खुल रही तो कहीं दिनभर धूप में तप रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- हितग्राहियों को तीन माह का राशन देने का आदेश, दुकान संचालकों का बढ़ाया दर्द

तीन माह का राशन दिए जाने का आदेश राशन दुकान संचालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। पहले ही सर्वर डाउन और नेटवर्क की समस्या से जूझने के बाद एक साथ राशन देने में दुकानदारों को 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। इसके चलते दुकानदार केवल 20 से 30 लोगों को ही पूरा राशन दे पा रहे हैं। दुकानदारों ने तीन माह राशन वितरण योजना का स्वागत तो किया लेकिन, सरकारी राशन दुकानों में हितग्राहियों को मशीन में कई बार थम्ब लगाना पड़ रहा है। तीन माह के राशन के लिए तकरीबन 6 बार थम्ब लगाना हो रहा है। इससे ग्राहक भी परेशान हैं और दुकानदार भी। उल्लेखनीय है कि जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून माह के चावल वितरण किया जा रहा है। इसके लिए शासन-प्रशासन ने राशन दुकानों में चावल भंडारण के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन, अधिकांश राशन दुकानों में अभी भी पर्याप्त राशन भंडारण नहीं हुआ। जिसके चलते राशन वितरण कार्य बाधित हो रहा है।

### गर्मी से भी परेशानी

शहर के कई दुकान संचालक अपनी सुविधा व भीषण गर्मी के देखते हुए सुबह 6 बजे से ही राशन दुकान खोल रहे हैं। वहीं कई स्थानों पर इस भरी गर्मी में लोगों को सुबह 10 बजे से 6 बजे तक राशन लेने अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में दुकानों में हितग्राहियों के लिए कोई विभागीय व्यवस्था नही होने से लोग खासे परेशान है।





### समय की बर्बादी

जानकारी के अनुसार प्रत्येक हितग्राही हर माह 2 दो बार थम्ब लगाया जाता है। पहला केंद्र सरकार और दूसरा राज्य शासन की कोटे से चावल वितरण के लिए थम्ब लगवाया जाता है। लेकिन, इस बार तीन महीने का एक साथ चावल देने के लिए कुल 6 बार हितग्राही से थम्स लगवाना पड़ रहा है। इससे हितग्राही भी परेशान हो रहे है। ऊपर से समय की बर्बादी हो रही है।

## विभागीय कार्रवाई : वन क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# वन भूमि से हटाया गया अतिक्रमण 52 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के आमाकोनी सर्किल, तमोरा बीट के कक्ष क्रमांक 95 एवं 96 (आरक्षित वन) में अवैध अतिक्रमण के विरुध्द मंगलवार को अतिक्रमण के विरुध्द कठोर कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम तमोरा के कुछ व्यक्तियों द्वारा लगभग 94 हेक्टेयर आरक्षित वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण करते हुए हरे-भरे एवं मूल्यवान वृक्षों की अवैध कटाई की गई तथा कृषि प्रयोजन के लिए भूमि पर अनधिकृत कब्जा स्थापित करने के उद्देश्य से व्यापक खुदाई/जुताई की गई थी। साथ ही वनभूमि की सीमा निर्धारण के लिए स्थापित सीमेंट-कांक्रीट निर्मित मुनारों (सीमा चिन्हों) को तोड़ा/क्षतिग्रस्त किया गया। इन अवैध गतिविधियों के परिणामस्वरूप मूल्यवान वृक्ष प्रजातियों एवं औषधीय जड़ी-बूटियों को भारी क्षति पहुँची है, जो कि पूर्णतः विधि-विरुद्ध एवं दंडनीय अपराध है।

उक्त प्रकरण में संबंधित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26(1)(च), 26(1)(ज) तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3(1) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई। कुल 52 आरोपियों जिसमें 12 महिला एवं 40 पुरुष को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय महासमुंद में प्रस्तुत किया गया, जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजा गया।

वन विभाग के अफसरों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में भी कार्यवाही की जा चुकी है। किंतु, उनके व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। ये मूलतः ओडिशा के निवासी हैं, जो विगत कुछ वर्षों से ग्राम तमोरा में निवासरत हैं। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी इनका विरोध किया जाता रहा है, किंतु इनके आक्रामक एवं आपराधिक व्यवहार के कारण क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ था। आरोपियों द्वारा कई बार वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार, अश्लील गाली-गलौज एवं धमकी भी दी गई है। विभागीय अफसरों ने कहा है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अथवा अवैध गतिविधि किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



### कार्रवाई में यह रहे शामिल

उप वनमंडलाधिकारी गोविंद सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव एवं रेंजर नवीन वर्मा द्वारा पूर्व से ही सुनियोजित रणनीति तैयार की गई थी। इस अभियान में परिक्षेत्र सहायक नवीन शर्मा, डिप्टी रेंजर मोतीलाल साहू, भुवनेश्वर तिवारी, दुलार सिन्हा, वनपाल योगेश कन्नौजे तथा वनरक्षक रणजीत ठाकुर, नीलकंठ दीवान, चुकेश सिंह ध्रुव, कमल यादव, वीरेंद्र कुमार ध्रुव, टोमन दीवान, पूरण ध्रुव, खेमराज साहू, चित्रसेन दीवान, नरेंद्र ध्रुव, कविता ठाकुर, कांति ध्रुव सहित वन विद्यालय महासमुंद के प्रशिक्षु वनरक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## गांजा-शराब के लिए चेकिंग में 18 किलो चांदी जब्त



**महासमुंद।** वाहन चेकिंग के दौरान इस बार पुलिस के हाथ 18 किलो चांदी के आभूषण लगे, जिसके संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने के कारण पुलिस ने इसे जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया है। सिंघोड़ा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की कार्रवाई अवैध, संदिग्ध और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए की जा रही थी। लेकिन, बस से सफर कर रहे यात्री का बैग चांदी से बने आभूषणों से भरा मिला।

मिली जानकारी के अनुसार रेहटीखोल नाका में चेकिंग के दौरान श्री श्याम ट्रैवल्स की बस में सवार यात्री से करीब 18.590 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए। जिसका बाजार मूल्य 46,68,090 रुपए आंका गया है। सोमवार को ओडिशा की ओर से आने वाले वाहनों को रोककर की जा रही चेकिंग के दौरान पुलिस ने ओडिशा की ओर से आ रहे श्री श्याम ट्रैवल्स बस को रोका। लगेज की जांच करते हुए एक यात्री जो ब्लू कलर का बैग पकड़ा हुआ था, ने पूछताछ में अपना नाम राज किशोर शर्मा उर्फ राजू पिता बनवारी लाल शर्मा (58 साल) बालू बजार आलम चंद बाजार लालबाग थाना लालबाग जिला कटक ओडिशा का निवासी होने की जानकारी दी। साथ रखे बैग को चेक करने पर उसमें तीन प्लास्टिक डिब्बों में 600 नग चांदी की पायल वजन 18.590 किलो ग्राम कीमत 46,68,090.00 रुपए को बरामद किया गया। संदेही के पास किसी तरह का वैध कागजात नहीं पाए जाने पर चांदी के जेवरों को जब्त कर प्रकरण आयुक्त आयकर विभाग एवं राजस्व सूचना निदेशालय छग की ओर अग्रेषित किया गया है।

### दो साल पहले दो मामलों में हुई थी बड़ी जब्तियां

उल्लेखनीय है कि जिले में दो साल पहले भी आभूषणों की अवैध परिवनह के दो मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों में पहले मामले में पुलिस ने टैक्स चोरी से इसे जोड़ते हुए 3 किलो सोना जब्त किया था। वहीं 2024 में इसी प्रकार बैग में रखकर तकरीबन 22 लाख रुपए के सोना चांदी जब्त हुए थे जिसे टैक्स संबंधित मामलों के चलते इसे भी आयकर विभाग को सौंपा गया था।

### दस्तावेज पेश नही होने पर संदेहः एएसपी पाण्डेय

एएसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि अधिकतर मामलों में बिना बिल और हिसाब किताब के इस प्रकार का अवैध परिवहन होता है। दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने पर मामला टैक्स बचाने या चोरी की ओर दर्शाता है, इसलिए ऐसे मामले में पुलिस द्वारा जब्ती की कार्रवाई करते हुए इसे आयकर विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया जाता है।



## जन आक्रोश आंदोलन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा नारी शक्ति के सम्मान, सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा पारित ऐतिहासिक नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में तथा इस महत्वपूर्ण और जनहितकारी निर्णय का विरोध करने वाले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हुंकार जन आक्रोश आंदोलन एवं पुतला दहन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने बताया कि इसमें भाजपा जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे।

## इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सुखदेव व लक्की होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

8वां इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में का आयोजन बैंगलोर में 25 से 28 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले से 02 खिलाड़ी लक्की यादव एवं सुकदेव शामिल होंगे। लक्की यादव अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी के सम्मिलित होने के लिए विश्व पैरा एथलेटिक्स के मापदंड के अनुसार योग्यता रखते हैं, जिसमें कोच निरंजन साहू एवं गाइड रनर प्रशांत निषाद शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी लक्की ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करने के साथ ही 2022-23 में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक एवं 400 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लगातार भागीदारी निभाते हुए विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में भागीदारी कर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया हैं। सुकदेव ने जूनियर एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुके हैं। बंगलौर में आयोजित इंडियन ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी एशियन पैरा गेम्स 2026 जो कि जापान में आयोजित होगा, उसके लिए चयनित होंगे।



### पदक जीतने पर जापान के लिए होगा चयन


जिले से सुकदेव से इंटरनेशनल एशियन पैरा गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करने एवं पदक जीतने के साथ ही जापान के लिए चयनित होने की संभावना जताई गई हैं। इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स में जिले के खिलाड़ियों के चयनित होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, प्रदेश सचिव डीकेश टंडन, अलका नरेश चंद्राकर, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, विश्वनाथ अग्रवाल, पारस चोपड़ा, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ पुरेंद्र चंद्राकर, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद अध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, विजू पटनायक, विपिन मोहंती, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अपूर्व पांडे, सविता निषाद, आकाश जैन, अतुल बग्गा, भोजराम वर्मा, हरीश पांडे, भूमिका यादव, रश्मि साहू, दिव्यलोचन साहू, भेखलाल साहू, तुलसीराम बरिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल, किशोर मोहंती, विकास बग्गा, जिला एथलेटिक्स संघ सचिव डॉ. सुनील कुमार भोई, चारूलता गजपाल, लक्ष्मीप्रिया साहू, फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

### बाइक से गांजा का अवैध परिवहन, एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति पर एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से सात लाख 69 हजार रुपए का 15 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी,परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्रवाई की जा रही है। 21 अप्रैल को वाहन चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक लाल काले रंग की ग्लैमर मोटर सायकल क्रमांक ओडी 18 ई 1525 में एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचक के बताये अनुसार एक व्यक्ति मोटर सायकल में खरियार रोड की ओर से आता दिखा, कुछ दूर से उसे रूकने का इशारा करने पर वह अचानक अपनी वाहन को तेज गति से भागने लगा, इसके बाद पुलिस टीम ने भी उक्त मोटर सायकल का पीछा करते हुए ग्राम सुअरमाल पेट्रोल पंप के पास रोका गया। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम सोनू केसरी पिता जितेंद्र केसरी उम्र 30 साल निवासी करहां थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ उत्तरप्रदेश का निवासी होना बताया। जिसके मोटर सायकल के पीछे सीट में 01 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला, जो वजन करने पर 15.380 किलो ग्राम कीमत 7,69,000 रुपए होना पाया गया। आरोपी ने उक्त मादक पदार्थ गांजा को फुलवानी ओडिशा से लेकर रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया।







## खबर संक्षेप



### साबुन-डिटर्जेंट उद्योग को जीएसटी में छूट की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमंडल और छत्तीसगढ़ साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के साबुन एवं डिटर्जेंट उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कपड़े धोने के साबुन पर वर्तमान में लागू जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के नाम ज्ञापन सौंपा।
बैठक में वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि इस विषय को सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करते हुए राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।
इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन तारवानी, राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, सलाहकार अमर गिदवानी तथा छत्तीसगढ़ साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माता कल्याण संघ के पदाधिकारी हेमराज कृपलानी, कैलाश राठौर, उत्तमचंद तारवानी एवं प्रकाश माखीजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### तापमान उतरा पर कम नहीं हुआ गर्म हवा का प्रकोप, बुधवार से फिर चढ़ेगा पारा

**रायपुर।** पिछले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान में कमी आई, मगर इससे राजधानी समेत प्रदेश के मध्य हिस्से में ग्रीष्म लहर का प्रकोप कम नहीं हुआ। मंगलवार को तापमान कम रहने के बाद बुधवार से पारा पुनः चढ़ने की उम्मीद है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली अपेक्षाकृत ठंडी हवा के असर से बस्तर समेत अन्य इलाकों में बारिश हुई है। रविवार को प्रदेश का अधिकतम तापमान 45 डिग्री और रायपुर का पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया था। इस दौरान बस्तर से आने वाली हवा से वहां के मौसम में बदलाव हुआ और हल्की से मध्यम बारिश भी हुई। इसके साथ ही हवा की गति बढ़ने से सोमवार को राज्य के अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट हुई। प्रदेश का सबसे अधिक पारा बिलासपुर का 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं रायपुर का पारा 42.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। तापमान में कमी आने के बाद भी गर्मी के तेवर कम नहीं हुए और लोगों को दोपहर लू के थपेड़े सहने पड़े। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी बिहार से दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है।

### विभा को मिला आशा किरण सम्मान

**रायपुर।** रायपुर सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनसेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष विभा सोनी को आशा किरण सम्मानित किया। पिछले दिनों वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आई 151 प्रतिभाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## निधन

### योगेश कुमार कनौजे



**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी योगेश कुमार कनौजे (53) का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत्त प्रधानपाठिका सुखबती कनौजे के पुत्र, युवराज कनौजे, अरूण कनौजे के छोटे भाई व खिलेश कनौजे, चारू, चंचल कनौजे के पिता थे।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को 4917 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी, 19 निर्धारित परीक्षा केंद्र बनाए गए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 26 अप्रैल को जिले में एक पाली में किया जाएगा। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से 12:15 बजे तक निर्धारित है। जिसमें जिले के 19 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में कुल 4917 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए व्यापम द्वारा परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से रखा गया है। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

#### कानों में किसी प्रकार का आभूषण प्रतिबंधित

अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल होना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित रहेगा। पैरों में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा तथा कानों में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना प्रतिबंधित रहेगा।

#### उत्तर लिखने के लिए काले या नीले बॉल पेन का ही उपयोग

परीक्षा कक्ष में उत्तर लिखने के लिए केवल काले या नीले बॉल पेन का ही उपयोग किया जाएगा। किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, टोपी एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे एवं समाप्ति के अंतिम आधे घंटे में कक्ष से बाहर जाना निषिद्ध रहेगा। अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कार्रवाई करते हुए अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

#### निर्देशों का पालन करने की अपील

धार्मिक अथवा सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले परीक्षार्थियों को सामान्य समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा तथा अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत ही उन्हें प्रवेश दिए जाने की बात प्रशासन द्वारा स्पष्ट की गई है।

# बिजली तार से टक्कर, तेंदूपत्ता से लदा ट्रक जला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



बिजली के तार से टकराकर जिले के बागबाहरा क्षेत्र में तेंदूपत्ता से भरे के ट्रक में आग लग गई। बागबाहरा स्थित अग्रसेन भवन के पास हुई घटना संभवतः ट्रक के ऊपर से गुजरे बिजली के संपर्क में आने से लगी। तेंदूपत्ता के सूखने और अत्यंत जल्दी आग पकड़ने के चलते आग ने जल्द ही पूरे ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूई 7313 को अपनी चपेट में ले लिया।

बता दें कि यह ट्रक पिथौरा से तेंदूपत्ता लेकर बागबाहरा पहुंचा था। ट्रक में लगभग 200 बोरा तेंदूपत्ता लोड था, जो आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका बागबाहरा की एकमात्र फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन आग की तीव्रता के कारण उसे बुझाने में सफलता नहीं मिल सकी। बता दें कि वर्षों पहले महासमुंद शहर में भी इसी प्रकार प्रकार की घटना सामने आई थी जिसमें शहर के कांग्रेस भवन चौक के पास तेंदूपत्ता से लदे ट्रक में आग लगने के पश्चात ड्राईवर से सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को शहर के वर्तमान में स्थित बस स्टैण्ड और सब्जी बाजार के तालाब में उतार दिया था।

# बच्चों ने कन्यादान कर कराई शादी





**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। गुड्डा-गुड्डी शादी को लेकर बच्चों ने दो दिन पहले तैयारी कर ली थी। घर से लेकर गली चौक चौराहे में जगह जगह पर गुड्डे गुड़ियों की शादी का भी आयोजन हुआ। बच्चों में अक्षय तृतीया पर खास उत्साह देखा गया। बच्चों ने मंडप सजाकर विधि-विधान के साथ गुड्डे-गुड़िया की शादी रचाई। इस दौरान डीजे की धुन पर भी बच्चे थिरकते दिखे। बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों के ब्याह का निमंत्रण बड़ों को भी दिया। इस झलक को देखने के लिए राहगीरों में उत्साह का माहौल रहा। इस शादी में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। चूलमाटी की रस्म निभाई गई। वहीं अक्ती के दिन घर में प्राकृतिक की परंपरागत पूजा अर्चना की गई। जिसमें मटके का पानी भगवान को अर्पित कर पीने की रस्म निभाई गई।

### अटैचमेंट समाप्ति का उल्टा असर, दफ्तरों में साफ-सफाई और स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित

**रायपुर।** संलग्नीकरण समाप्त करने के आदेश का पालन करने का विपरीत असर होने लगा है। कर्मचारियों के मूल पदस्थापना स्थल पर लौटने की वजह से स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों में साफ-सफाई से लेकर कई स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। चिकित्सकों की वापसी के कारण प्रदेश में चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की मानिटरिंग पर भी असर हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने अपने अटैचमेंट में मूल स्थल को छोड़कर मुख्यालय अथवा शहरी इलाकों में ड्यूटी करने वाले अधिकारी, कर्मचारी और चिकित्सकों की वापसी का आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद अधिकतर कर्मचारी अपने मूल पदस्थापना स्थल पर पहुंच गए। काफी संख्या में कर्मचारियों को हटाने की वजह से स्वास्थ्य विभाग का नियमित कामकाज प्रभावित होने लगा है।



## शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर ग्रामीणों का अल्टीमेटम, 5 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो धरना

**बसना।** बसना क्षेत्र के ग्राम बरोली के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन को चेतावनी दी है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना को लिखित आवेदन सौंपा गया है, जिसमें 5 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन करने की बात कही गई है। आवेदन के अनुसार ग्राम बरोली निर्मल सिदार पिता तुलाराम सिदार द्वारा ग्राम की शासकीय भूमि खसरा नंबर 672/1, रकबा लगभग 110 वर्गमीटर पर अवैध रूप से मकान निर्माण किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में पूर्व में भी न्यायालय द्वारा बेदखली वारंट जारी किया जा चुका है। बावजूद इसके अब तक न तो कब्जा हटाया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि यदि 5 दिनों के भीतर उक्त भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस पूरे मामले में अब प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन अलर्ट, उच्च जोखिम क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा उपाय करने निर्देश

**हीटवेव की स्थिति को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने कहा**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन अब अलर्ट हो चुका है। कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले में संभावित लू (हीटवेव) की स्थिति को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने एवं व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, लू चलने की संभावना को ध्यान में रखते हुए समन्वित कार्ययोजना लागू की जा रही है, जिससे जनहानि एवं स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को न्यूनतम किया जा सके। कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील आबादी की पहचान कर विशेष सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अलर्ट प्रणाली के अनुसार रेड, ऑरेंज, येलो एवं सामान्य स्तर की चेतावनियों पर गंभीरता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। जिले के सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड,



रेलवे स्टेशन, बाजार, पार्क एवं सरकारी कार्यालयों में शीतल जल केंद्र (प्याऊ) स्थापित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को निर्बाध रखने तथा नगर निगम के माध्यम से टैंकरों द्वारा जल वितरण की व्यवस्था की जा रही है, साथ ही श्रमिकों एवं राहगीरों के लिए छायादार अस्थायी विश्राम केंद्र (कूलिंग शेल्टर) बनाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पतालों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाएं, आई.वी. फ्लूड्स, ओआरएस पैकेट एवं कूलिंग ट्रीटमेंट सुविधाएं उपलब्ध रहें। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हीटवेव प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा एम्बुलेंस सेवाओं को भी आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है।महिला एवं बाल विकास विभाग को गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं कुपोषित बच्चों की विशेष निगरानी करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में ओआरएस एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही टीएचआर वितरण के दौरान महिलाओं को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, बाजारों एवं प्रमुख स्थानों पर मिस्ट स्प्रे एवं वाटर स्प्रिंकलिंग की व्यवस्था, निर्माण स्थलों एवं ईंट भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष सतर्कता, तथा जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है।

# करोड़ों की शासकीय जमीन की कहीं हेराफेरी कहीं कब्जा, प्रकरण बने लेकिन कार्रवाई शून्य

**राजस्व न्यायालयों में शासकीय जमीन की खरीदी-बिक्री, कब्जा के प्रकरण डंप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


तत्कालीन कांग्रेस के शासन काल में राजधानी रायपुर सहित जिले के कई ग्रामों में चारागाह, खेल मैदान, तालाब, मुक्तिधाम सहित अन्य कई शासकीय जमीनों की हेराफेरी करने से लेकर कब्जा के मामले में उजागर हो चुके हैं। इनमें से कई मामलों में तो तहसील न्यायालयों में प्रकरण भी दर्ज हैं, लेकिन इन प्रकरणों में ना ही सुनवाई हो रही है और न ही राजस्व अधिकारियों द्वारा इन प्रकरणों में सख्ती से जांच कराई जा रही है।

परिणाम स्वरूप शासकीय जमीनों की हेराफेरी एवं कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी नहीं हो पा रही है। ऐसा ही एक मामला खरोरा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरहदा का सामने आया है, जहां लगभग 400 एकड़ शासकीय भूमि पर कई लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिसकी शिकायत पिछले वर्ष गांव के सरपंच ने स्वयं तहसीलदार एवं एसडीएम तिल्दा से की थी। इस शिकायत पर इस मामले में कछुआ गति से जांच की जा रही है, वहीं कब्जा भी अभी तक हटाया नहीं गया है।

#### सीमांकन कराया जा रहा

शासकीय जमीनों पर कब्जा की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। फरहदा में 3 से 4 सौ एकड़ शासकीय जमीन पर कब्जा की शिकायत पर सीमांकन कराया जा रहा है। सीमांकन और जांच के अनुसार खाली कराई जाएगी शासकीय जमीन। भाठागांव जमीन के मामले में एसडीएम कोर्ट में प्रकरण लंबित है।

- कीर्तिमान सिंह राठोर, अपर कलेक्टर (राजस्व)



#### भाठागांव में फाइल दो साल से डंप

भाठागांव स्थित 63 एकड़ चारागाह की शासकीय जमीन की हेराफेरी के मामले की फाइल भी पिछले दो वर्ष से रायपुर तहसील में एसडीएम के कोर्ट में डंप पड़ी हुई। इस प्रकरण में न ही सुनवाई हो रही है और न ही जमीन के पुराने रिकार्ड में दर्ज 173 किसानों के हटाए गए नाम या उनके वंशावलियों के नाम रिकार्ड में पुनः चढ़ाए गए हैं।

#### उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच कराने की मांग

इस मामले में गांव के सरपंच संजय साहू ने बताया कि करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा हुआ है। इस कब्जा के कारण गांव में शव दफनाने के लिए तक जगह नहीं बची है। लोगों को तालाब पार जाकर शव को दफनाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच करानी चाहिए, ताकि शासकीय जमीन को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी जमीन शासकीय है, इसका रिकार्ड में चढ़े दस्तावेज हैं। कब्जारहित जमीन चारागाह, तालाब, मुक्तिधाम, खेल मैदान, सड़क सहित अन्य कार्य के लिए आरक्षित है।

#### अधिकारी गंभीर नहीं एक पटवारी-आरआई से कराई जा रही जांच

ग्राम फरहदा में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा की शिकायत को लेकर राजस्व अधिकारी कितने गंभीर है। यह इस मामले में की जा रही जांच से पता चलता है। एसडीएम तिल्दा तक पहुंची इस शिकायत के बावजूद इस मामले में पिछले कई महीनों से सिर्फ एक पटवारी और एक राजस्व निरीक्षक के माध्यम से ही जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। यहीं कारण है कि अभी तक लगभग 80 एकड़ भूमि का ही सीमांकन किया जा सका है। सीमांकन में यह पूरी जमीन शासकीय पाई गई है। इस क्षेत्र के तहसीलदार मंडाई ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जमीन बहुत बड़ी है, इसलिए सीमांकन में समय लग रहा है, क्योंकि उनके पास राजस्व के दूसरे कार्य भी हैं।

# जनता का विश्वास जीतने पुलिस चला रही संवाद से समाधान जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोगों का विश्वास जीतने पुलिस, कमिश्नरेट के शहर के सभी थाना क्षेत्रों में संवाद से समाधन जन जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट के वेस्ट जोन टिकरापारा थाना क्षेत्र की कमल हाईट वेलफेयर सोसाइटी की मांग पर कमल विहार सेक्टर-4 में समाज की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, नशा मुक्ति एवं अन्य जनहित विषयों पर पुलिस द्वारा सोमवार को सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में टिकरापारा थाना के



टीआई सहित पुलिस स्टाफ के अलावा कमल विहार पुलिस सहायता केंद्र के स्टाफ ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों को सुनने के बाद उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। साथ ही नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव, नशा मुक्ति तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय रहवासियों से अपील करते हुए कहा कि जन सहभागिता ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है। सभी सम्मानित नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे ऐसे जनहितकारी जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाएं और समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम में वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आनंद श्रीवास, कमल हाईट के अध्यक्ष विकास मिश्रा, सोसाइटी के पदाधिकारी सहित स्थानीय रहवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# पानी की समस्या को लेकर मटका लेकर प्रदर्शन, जोन 3 कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम जोन 3 के तीन वार्डो में पेयजल की समस्या को लेकर सोमवार को प्रभावित इलाके के रहवासियों ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में शंकर नगर स्थित जोन कार्यालय का घेराव किया। मटका लेकर जलसंकट के विरोध में जमकर नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने जोन कमिश्नर प्रीति सिंह को जल संकट की समस्या दूर करने ज्ञापन सौंपा।

दरअसल, नगर निगम जोन 3 के खम्हारडीह बस्ती, सेल टैक्स कालोनी, गीतांजलि नगर, गुरू



गोविंद सिंह वार्ड के झंडा चौक, जगन्नाथ नगर, काली नगर सहित अन्य इलाकों में जल संकट से वहां के रहवासी परेशान हैं, निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी उनके पानी की समस्या दूर नहीं हुई है। शंकर नगर के न्यू शांतिनगर और गोरखा कालोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। पानी की किल्लत दूर करने की मांग को लेकर जोन 3 कार्यालय का घेराव करने पहुंचे महिलाओं और युवाओं ने निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। भुक्तभोगियों ने शक्ति नगर, तरूण नगर, भारतमाता चौक में नलों से पानी का प्रेशर कम आने और नल खुलने के समय को लेकर ऐतराज जताया।

**खबर संक्षेप**

### जिले में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण के लिए मूल्यांकन शिविर कल से

**महासमुंद**। जिले में दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड (एआईसी) के निगमित सामाजिक दायित्व योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा परीक्षण, मूल्यांकन एवं चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 24 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विभिन्न विकासखंडों में आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अप्रैल को सरायपाली विकासखंड, 27 अप्रैल को बसना, 28 अप्रैल को पिथौरा, 29 अप्रैल को बागबाहरा तथा 30 अप्रैल को महासमुंद के जनपद पंचायत मुख्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए चयनित किया जाएगा। शिविर की नोडल प्रभारी सुनीता तिर्की, परिवीक्षा अधिकारी रहेंगी।

### परसवानी में चारागाह की भूमि पर खतरा, कलेक्टर से गुहार

**महासमुंद**। ग्राम परसवानी के किसानों ने कलेक्टर को आवेदन देकर चारागाह की भूमि सुरक्षित रखने की मांग की है। सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि परसवानी में छग राज्य विद्युत मंडल का सब स्टेशन बना हुआ है, जिससे लगकर शासकीय भूमि खसरा नं. 678 रकबा 7.59 हे. भूमि स्थित है। जिस पर विद्युत सब स्टेशन बनाया गया है। शासकीय भूमि जो कि गांव परसवानी के मवेशियों का चारागाह है। इसके अतिरिक्त कोई अन्य भूमि गांव में चारागाह के लिए शेष नहीं है। उक्त भूमि को भी सब स्टेशन के लिए घेरे में लेकर तार फेसिंग किया जा रहा है। पूर्व में भी इस संबंध में आवेदन दिया जा चुका है। किंतु, कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदन में कहा गया है कि करणी कृपा पावर प्लांट के कुछ लोग गांव की चारागाह भूमि फेसिंग करने प्रयासरत है और कभी भी बलपूर्वक तार घेरा लगाकर कब्जा कर सकते हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि पावर स्टेशन से लगकर बाउंड्रीवाल के निर्माण में तत्काल रोक लगाई जाए। विकास चंद्राकर, उपसरपंच अनूपा, बबीता यादव, नोहर सिंह, पवन चंद्राकर, भरत लाल साहू, पोखराज साहू, ईश्वरलाल, संजय, नोखेलाल, मनोज, टोकेश्वर चंद्राकर, शिव चंद्राकर, युधिष्ठिर यादव, किशोर यादव, सरोज, टेमनलाल चंद्राकर, संतोष साहू आदि ने हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपकर चारागाह की भूमि सुरक्षित रखने की मांग की है।

### आपसी रंजिश पर रास्ते में रोककर मारपीट

**रायपुर**। कबीर नगर थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते रास्ते में रोककर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनडोंगरी, देवार मोहल्ला निवासी अरुण कुमार पवार ने महावीर यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

**पहल : सुपर 40 निःशुल्क कोचिंग संस्था बागबाहरा का आयोजन**

# प्रयास विद्यालय मॉक टेस्ट 2026 का आयोजन, 500 बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा।

प्रयास विद्यालय द्वारा कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए मॉक टेस्ट 2026 का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बागबाहरा में किया गया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली। इस मॉक टेस्ट के लिए कुल 510 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से लगभग 500 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जो कि आयोजन की सफलता को दर्शाता है।

यह परीक्षा सुबह 9 बजे से 11:30 बजे तक शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में आयोजित की गई। परीक्षा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम में ली गई, जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सका। परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों के बैठने, प्रश्नपत्र वितरण, समय प्रबंधन एवं अनुशासन को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी।



## शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी

इस आयोजन में अनेक शिक्षकगण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के लिए प्रयास के लिए प्रेरणा एवं मार्गदर्शक जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, डीएमसी समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा, नंदकुमार सिन्हा सहायक संचालक बीईओ केके वर्मा, रामता डे सहायक शिक्षा अधिकारी, भूपेश्वरी साहू बीआरसी, सभी संकुल समन्वयक ने इस आयोजन के सुपर 40 निःशुल्क कोचिंग संस्था बागबाहरा को सराहा। मॉक टेस्ट में उपस्थित शिक्षकों में प्रमुख रूप से सुपर 40 बागबाहरा के संयोजक हीरासिंग नायक, अनिल चक्रधारी, केदार साहू, गीता साहू, रश्मि शर्मा, धनेश्वर साहू, धीरज तिवारी, जगदेव साहू, राजेंद्र साहू, जितेंद्र दीवान, कुलदीप साहू, अश्वनी दीवान, महादेव देवांगन, छोटूराम निषाद, दौलत दीवान, आत्माराम दीवान, लोकनाथ रैदास, सुभाष चंद्राकर, मोहिंदर पाड़े, संतोष चंद्राकर, दिनेश नायक, गजानंद दीवान, रहमान, विशंबर ठाकुर, भगत दास, पवन कुर्रे, राजेश नायक, भूपेंद्र दीवान, राजेश साहू, वरुण यादव, जनक पटेल, प्रवीण प्रधान, त्रिलोचन साहू सभी शिक्षकों ने परीक्षा के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही मनोज पटनायक और वीरू का व्यवस्था करने में सहयोग रहा। परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित एवं पाठ्यक्रम के अनुरूप था। मॉक टेस्ट के माध्यम से उन्हें आगामी प्रवेश परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अनुभव मिला और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

## आयोजन का उद्देश्य और महत्व

प्रयास विद्यालय द्वारा आयोजित यह मॉक टेस्ट न केवल विद्यार्थियों के लिए अभ्यास का एक अच्छा माध्यम है, बल्कि यह क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। इससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होती है और वे अपने लक्ष्य के प्रति अधिक सजग होते हैं। अंत में आयोजन समिति ने सभी शिक्षकगण, स्टाफ, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

## कलेक्टर लंगेह ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं 60 लोगों से आवेदन प्राप्त



**महासमुंद**। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में साराडीह महासमुंद निवासी समुंद बघेल ने क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह झलप निवासी मनीराम बरिहा ने खाता विभाजन हेतु, बरेकेल पिरदा निवासी जयप्रकाश बघेल ने नया विद्युत मीटर कनेक्शन के लिए, ठूठापाली भंवरपुर निवासी कांता प्रसाद दीवान ने भंवरपुर में आधार नामांकन संचालन के लिए एवं पोटापारा पिथौरा निवासी सेवक राम साहू ने ऑनलाईन नक्शा में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन दिए। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, पीएम आवास, अवैध अतिक्रमण, सीमांकन, लंबित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बागबाहरा क्षेत्र में लो-वोल्टेज से जूझ रहे ग्रामीणों के साथ बिजली दफ्तर पहुचे अंकित

**महासमुंद**। जिले के बागबाहरा क्षेत्र के दर्जनों गांव जैसे बोकरामुड़ा कला, जामगांव, टेका, टुहलू, छुरीडबरी जैसे कई गांव में लो वोल्टेज के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लो वोल्टेज के चलते ग्रामीणों के साथ अंकित बागबाहरा स्थानीय एई ऑफिस पहुंचे और वहां जेई की अनुपस्थिति में जेई की अनुपस्थिति में जेई(शहर) तिवारी से मिलकर समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। अंकित ने बताया गैस की किल्लत के कारण लोग इंडक्शन में खाना बनाते थे वो भी लो वोल्टेज के कारण काम नही कर रहा। गांव में पीने का पानी लो वोल्टेज के कारण टंकी



में चढ़ नही पा रहा और तो और राशन दुकानों में लो वोल्टेज के कारण टावर की समस्या के कारण वेरिफिकेशन और वजन तौल भी नही हो पा रहा है। बिजली विभाग के अफसरों ने भी ऊपर से ही लो वोल्टेज मिलने की बात स्वीकार की। अंकित ने तत्काल समस्या में सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की और अन्यथा कि स्थिति में आंदोलने की चेतावनी दी। अंकित बागबाहरा के साथ तुलसीराम ठाकुर, करीम हुसैन, पवन ठाकुर, अगर करा साहू, मंजू सबर, लकेश ठाकुर, दाऊलाल ठाकुर, कार्तिक राम, तोरन बरिहा, प्रीतम, गजेंद्र बारीक, गोपाल, त्रिलोक, नेपाल सबर, ठमुक लाल, द्वारिका ठाकुर, बिमला, मीना, इंदलाल साहू, पवन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।




## जिहादी मानसिकता का किया गया पुतला दहन

**महासमुंद/झलप**। नासिक में टीसीएस (टीसीएस) कर्मचारी के साथ हुई हृदयविदारक घटना और देशभर में बढ़ते लव जिहाद व धर्मांतरण के मामलों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जिला मुख्यालय के नेहरू चौक और बसना के शहीद वीर नारायण चौक पर विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जिहादी मानसिकता का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया एवं राष्ट्रपति के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने नासिक के उस हालिया मामले का विशेष उल्लेख किया, जहाँ एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती को जिहादी मानसिकता का शिकार होना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षित और कामकाजी हिंदू बेटियों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# शिक्षक ही संस्कारित समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव का निर्माणकर्ता : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकुल स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा लोहारडीह में अधिवार्षिकी पूर्ण करने पर प्रधान पाठक रमाशंकर शर्मा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में लहरे ने कहा कि शिक्षक ही संस्कारित समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव निर्माण करता है। उन्होंने शर्मा के दीर्घकालीन शैक्षिक योगदान, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी



महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना किया। इस दौरान संकुलकेंद्र की ओर से विभिन खेल व गतिविधियो में उत्कृष्ट विद्यार्थियों व शिक्षकों का प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान रमाशंकर शर्मा का पुष्पहार, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। उपस्थित शिक्षकों एवं नागरिकों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में मंचस्थ उपसरपंच चेनेसकान्त डहरिया, संकुल समन्वयक गणेश टण्डन एवं पंचगण की उपस्थिति रही। साथ ही देवराज सेन (व्याख्याता), प्रधान पाठक रोमन चन्द्राकर, तरुण कहार, तरुण मरई, रानू शर्मा, मिडिल स्कूल शिक्षक कुलदीप सिंह, सोमेश्वर पटेल, शिक्षकगण दीपक मिश्रा, योगेश घृतलहरे, गजेंद्र टण्डन, यागेश ध्रुव, कुंती साहू, मंदाकिनी साहू एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन गणेश टण्डन एवं डोमन लाल साहू ने किया।



## नारी शक्ति जनसेविका टीम ने पेश की मिसाल, रायपुर रोड पर चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

**महासमुंद**। रविवार की सुबह जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में नारी शक्ति जनसेविका टीम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले आई तेज आंधी और तूफान के कारण सड़क किनारे कई पेड़ गिर गए थे, जिनकी डालियां और अवशेष सड़क पर बिखरे हुए थे। इस अवसर पर हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने कहा, ₹स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य है। जनहित और राष्ट्रहित में दिया गया छोटा सा योगदान भी बड़े बदलाव की नींव रखता है।

# सड़क सुरक्षा से जुड़े निर्देशों का गंभीरता से पालन करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर लंगहे ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों के माध्यम से पालकों से संपर्क स्थापित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो सके। रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एनएचआई, पशुपालन विभाग, यातायात विभाग तथा नगरीय निकायों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पशु मालिकों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) एवं नवीन ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को निर्देशित किया गया। साथ ही ओवरलोड संचालित हो रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अक्ती पर्व पर मंडप सजाकर बच्चों ने रचाया गुड्डा-गुड्डी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

■ मंडप छाना, मायन, तेल हल्दी से लेकर सभी रस्मे निभाई, बच्चों में पर्व को लेकर रहा उत्साह

छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृति और परपंराओं का महापर्व अक्षय तृतीया अक्ती का पर्व दो दिन रविवार और सोमवार को क्षेत्र में परपंरिक श्रद्धा और उल्लास के मनाया गया। इस अवसर पर सदियों पुरानी गुड्डा-गुड़िया विवाह की परपंरा का जीवंत रूप देखने को मिला, जहां बच्चों ने बड़ों के मार्ग दर्शन में पूरी रीति-रिवाज के साथ पुतला पुतली का विवाह रचाया।

छोटे बच्चों एवं युवतियों ने मिट्टी से बने गुड्डा-गुड्डी को नए वस्त्र पहनाकर माथे पर



छेहरा बांध व सजा कर विवाह की रस्म और सात फेरो का आयोजन बिलकुल वास्ताविक विवाह की तरह किया गया।

मंडप छाना, मायन, तेल हल्दी से लेकर सभी रस्में निभाई गई। ग्रामीणों ने बारात का स्वागत बाजे-गाजे के साथ गुड्डे की बरात निकाली गई, जिसका वधु पक्ष ने आदर सत्कार किया। बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए ग्रामीणों ने टीकावन गिफ्ट व कुछ रुपए भेंट किए। इस दौरान छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। ग्राम बिंद्रावन, नक्टापार, झिटकी, पंडरीपानी, परकोम, परसुली आदि गांवों में भी बच्चों ने अक्षय तृतीया पर रचाया विवाह। इस दौरान हरेश्वरी पटेल, वोमेश्वरी पटेल, मनीषा, गौरी, कविता, तारणी, दिव्या, खिलेश्वरी, पूनम, डिम्पल, तन्नू , गायत्री, पूर्वी, गुनीता, नयन, मार्गदर्शक कुमारी पटेल, टिकेशरी, सुमन पटेल, ममता पटेल आदि मौजूद रहे।

# जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक ने अक्षय तृतीया पर सपरिवार किया भगवान शिवरीनारायण का दर्शन

**महासमुंद**। छग जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर अक्षय तृतीया (अक्ति) पर सपरिवार शिवरीनारायण पहुंचे। उन्होंने भगवान शिवरीनारायण के दरबार में पूरे परिवार के साथ दर्शन कर अक्ति तिहार में मठ में आयोजित परंपरागत कलसी पूजन कार्यक्रम में सपत्नीक शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिवरीनारायण से छग की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। भगवान के दर्शन पश्चात मठ पहुंचे। जहां उन्होंने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। मठ में



आलोक और उनके माता का साल, श्रीफल व भगवान शिवरीनारायण की तस्वीर भेंटकर सम्मान कर आशीष दिए। तत्पश्चात चंद्राकर ने कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कराए गए विकास कार्यों अवलोकन की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने शिवरीनारायण की प्राचीन गौरवशाली परंपरा और छत्तीसगढ़ियों के भावना को ध्यान में रखकर विकास कार्य कराए थे। मंदिर दर्शन से पूर्व रेस्ट हाउस में कांग्रेसजनों व विभागीय अधिकारियों ने चंद्राकर का आत्मीय स्वागत किया। कांग्रेस नेता संदीप अग्रवाल और जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य नारायण खंडेलिया के निवास जाकर उन्होंने मुलाकात की। चंद्राकर ने कहा कि शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ की जगन्नाथपुरी है, यह वही पवित्र स्थान है जहां माता शबरी ने भगवान श्रीराम को उनके वनवास काल के दौरान प्रेमवश चखकर बेर खिलाए थे।



## खबर संक्षेप



### आप के छग प्रभारी संदीप से मुलाकात

**महासमुंद।** आप के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी, राज्यसभा सदस्य व पार्टी प्रवक्ता संदीप पाठक से सौजन्य मुलाकात की। पाठक ने बताया कि संभवतः मई के अंतिम सप्ताह में अरविंद केजरीवाल का छत्तीसगढ़ में दौरा संभावित है। जिलाध्यक्ष राकेश ने निवेदन किया है कि महासमुंद जिले में भी आप स्वयं एवं अरविंद केजरीवाल सादर आमंत्रित है। सभा आयोजित करना चाहते हैं। इस दौरान बागबाहरा के कार्यकर्ता कृष्ण कुमार सोनी भी उपस्थित थे।

### हृदय जांच शिविर 26 को

**महासमुंद।** स्थानीय विवेक वर्धन सेवा आश्रम में 26 अप्रैल रविवार को एक दिवसीय हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह 10 से रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल ओस्तवाल अपनी सेवाएं देंगे, मनोज पींचा ने हृदय रोग जांच एवं परामर्श का लाभ लेने की अपील की है।



### पीएमश्री सेजेस में प्रवेश प्रक्रिया के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

**बसना।** शासन के निर्देशानुसार पीएमश्री सेजेस (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) बसना में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सहायक विकासखंड अधिकारी कंवर एवं प्राचार्य गिरिजा साहू के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए समय-सारिणी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बालवाटिका एवं कक्षा पहली में प्रवेश ड्रा प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। ड्रा में चयनित विद्यार्थियों को 15 मई 2026 तक विद्यालय में उपस्थित होकर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

### नर्रा में साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ कल

**नर्रा।** ग्राम पंचायत भवन नर्रा के सामने साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ 23 अप्रैल गुरुवार दोपहर 3 बजे से होने जा रहा है। बाजार के शुरू होने से न केवल नर्रा बल्कि आसपास के गांवों के ग्रामीणों को दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं के लिए अब दूर जाना नही पड़ेगा। इस पहल से स्थानीय छोटे व्यापारियों ने अपनी उपज और उत्पादन बेचने के लिए एक व्यवस्थित पसरा मिलेगा। अब ग्रामीणों को ताजी सब्जियां, किराना सामान और अन्य जरूरी चीजों के लिए गुरुवार को आयोजित होने वाले इस प्रथम बाजार दिवस पर ग्राम पंचायत के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। वही पंचायत द्वारा व्यापारियों के बैठने पेयजल और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

---

**चर्चा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, कार्यों की ली जानकारी**

# सभी अधिकारी-कर्मचारी स्वगणना फार्म भरें, नागरिकों को भी फार्म भरने प्रोत्साहित करें : कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- एक माह से लंबित प्रकरणों का 30 अप्रैल तक प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवा की सुबह 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सभी कार्यालयों में आधार आधारित उपस्थिति अनिवार्य करने तथा ई-फाइल प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कहा है कि बिना सूचना के जिला मुख्यालय से बाहर न रहें। बिना अनुमति के बाहर रहने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि व्यापम, सीजीपीएससी एवं अन्य परीक्षाओं में रविवार को अधिकारियों की ड्यूटी लगाए जाने पर परीक्षा केन्द्र में स्वयं उपस्थित रहें तथा ड्यूटी बिना कारण के निरस्त न कराएं। कलेक्टर ने 16 अप्रैल से शुरू हुए जनगणना 2027 अंतर्गत सभी अधिकारियों को ऑनलाइन लिंक के माध्यम से स्वगणना फार्म भरने कहा है। इसके अलावा सभी जनपद सीईओ ग्राम स्तर पर ग्राम सचिव, रोजगार सहायक के माध्यम से लोगों को स्वगणना फॉर्म भरने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग को अमले के माध्यम से तथा सीएससी केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को स्वगणना के लिए प्रोत्साहित करने कहा है। कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून माह के चावल भंडारण की समीक्षा करते हुए भंडारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। नान (नागरिक आपूर्ति निगम) के अधिकारी ने जानकारी दी कि 3 माह का चावल भंडारण 72 प्रतिशत किया जा चुका है। कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी 593 दुकानों में चावल उत्सव अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए हैं तथा सभी दुकानों में अविलंब चावल वितरण सुनिश्चित करने कहा है।

### बैठक में सुशासन तिहार की तैयारियों की हुई समीक्षा

कलेक्टर लंगेह ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को क्लस्टर स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को विभागीय एवं शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को एक माह से अधिक लंबित प्रकरणों का मिशन मोड पर 30 अप्रैल तक प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को सभी स्वीकृत अप्रारम्भ कार्यां को शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए हैं। जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक सोखता गड्ढे, डबरी, तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं का निर्माण कराया जाए। कलेक्टर ने किसानों को खेतों में जल संरक्षण संरचनाएं बनाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्रधानमंत्री आवासों में सोखता गड्ढा एवं भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही इस अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान का क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत 30 अप्रैल तक महाभियान चलाकर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में 14 हजार एवं शहरी में 10 हजार आवासों में सोखता गड्ढा निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही स्कूलों, आंगनवाड़ी, छात्रावास आश्रमों एवं शासकीय आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण जनभागीदारी के साथ किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

---




### चुप्पी तोड़ी, आवाज़ उठी, नारी शक्ति अब आगे बढ़ी : निधि

**महासमुंद।** राजधानी रायपुर में आयोजित विशाल जन आक्रोश महिला पदयात्रा में महिलाओं का अभूतपूर्व जनसैलाब देखने को मिला। इस पदयात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में निधि लोकेश चंद्राकर सक्रिय रूप से शामिल हुईं और नारी शक्ति के समर्थन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पदयात्रा में शामिल महिलाओं की भारी भीड़ ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक, संगठित और संकल्पित हैं। महिलाओं ने एक स्वर में अपने सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कांग्रेस और इंडीया गठबंधन पर महिलाओं के अधिकारों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि यह आक्रोश उसी अन्याय के खिलाफ है। अब देश की नारीशक्ति किसी भी प्रकार के भेदभाव और षड्यंत्र को सहन नहीं करेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केदार कश्यप, सांसदगण, विधायकगण, महिला मोर्चा की सदस्याएं एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रधान पाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुड़ेकेल के प्रधान पाठक सुशील सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर बिदाई समारोह का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल कुड़ेकेल में किया गया। सर्वप्रथम सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी कमला सिंहा द्वारा सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पश्चात सभी स्कूलों के प्रधान पाठकों द्वारा पुष्पहार एवं प्रतीक चिन्ह, शाल, घड़ी, कपड़ा जूता, छाता, गीता आदि अन्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिरोद मलिक, बलदेव मिश्रा, चंद्रपाल पटेल, पिरीत लाल पटेल, दिनेश डड़सेना, संतोषी साहू, गोवर्धन डड़सेना सभी ने सिन्हा के कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए संबोधित किया।

अंत में सिंहा ने अपने बैयालिस वर्षों के कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताया। उसके पश्चात सुशील सिंहा एवं उनकी धर्मपत्नी कमला सिंहा को रथ से में बिठाकर डीजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। जहां ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत किया। तत्पश्चात संकुल के सभी शिक्षकगण, स्कूल के बच्चे उनके निवास स्थान तक विदाई के लिए पहुंचा। कार्यक्रम का समापन उनके निवास स्थान में स्वरूचि भोज के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा ने किया।

## अत्याधुनिक लेज़र तकनीक से किए गए ऑपरेशन

**महासमंद।** सोहम हॉस्पिटल में 19 अप्रैल को आयोजित निःशुल्क किडनी स्टोन एवं प्रोस्टेट चिकित्सा शिविर में कुल 15 निःशुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं। इस विशेष शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सभी ऑपरेशन अत्याधुनिक लेज़र तकनीक से किए गए, जिसमें एक भी टांका नहीं लगा। बिना टांके की प्रक्रिया होने से मरीजों को तेज और आरामदायक रिकवरी मिली तथा अधिकांश मरीज जल्दी घर लौट पाए। यह उन्नत तकनीक क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ा लाभ साबित हुई। शिविर का नेतृत्व प्रमुख यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. आकाश अग्रवाल और डॉ युगल चंद्राकर ने किया। उनकी कुशल टीम ने नवीनतम उपकरणों का उपयोग कर सभी सर्जरी को सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से पूरा किया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह का उच्चस्तरीय और निःशुल्क शिविर सामान्यतः बड़े शहरों में ही उपलब्ध होता है, लेकिन सोहम हॉस्पिटल इसे जनहित में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहा है। सोहम हॉस्पिटल ने यह भी घोषणा की कि ऐसे फ्री लेज़र स्टोन एवं प्रोस्टेट सर्जरी कैंप हर महीने, अधिकतर तीसरे रविवार को, नियमित रूप से



आयोजित किए जाएंगे। जिन मरीजों को किडनी स्टोन या प्रोस्टेट की समस्या है। वे इस शिविर में आकर निःशुल्क जांच और सर्जरी का लाभ ले सकते हैं। यह पहल क्षेत्र के लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर स्वास्थ्य का अवसर प्रदान करती रहेगी।

## केंद्रीय विद्यालय में संभाग स्तरीय खेलकूद का शानदार शुभारंभ



**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 55वां संभाग स्तरीय खेलकूद का शानदार आगाज हुआ। संभाग स्तरीय खेलकूद का आयोजन केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग के उच्चाधिकारीगण के मार्गदर्शन, संजय कंसल प्राचार्य पीएमश्री केवि के निर्देशन एवम सोहन लाल साहू तथा राजेश चंद्राकर के संयोजन में हो रहा है। हैंडबॉल, बैडमिंटन एवम शूटिंग के प्रतिभागी अपना जौहर दिखा रहे है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के 83 विद्यार्थी तथा 11 अनुरक्षक साथी भाग लेकर अपने विद्यालयों के लिए जीत सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे है। संजय कंसल ने सभी को शुभकामनाएं देकर खेलभावना से खेलने की अपील की। हैंडबॉल एसोसियेशन के साथी कार्यक्रम को सफल बना रहे है। सभी स्टॉप अपने-अपने भूमिका का निर्वहन कर रहे है। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर के आब्जर्वर शैलेन्द्र पांडे एवम अजीत चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित है।

## स्वयंसेवकों ने सितली नाला क्षेत्र की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

### अविरल सितली निर्मल सितली अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सितली नाला के विकास और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से स्थानीय स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय अशोक चौरड़िया की स्मृति में अविरल सितली निर्मल सितली अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 अप्रैल 2026 मंगलवार की सुबह सितली नाला क्षेत्र में एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों सहित नगर के विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं और नागरिकों ने पूरी ऊर्जा के साथ हिस्सा लिया। उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने नाला क्षेत्र की साफ-सफाई और सुधार कार्यों में अपना बहुमूल्य श्रमदान कर स्वच्छता की मिसाल पेश की।



समिति के संस्थापक सदस्य व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने बताया कि वर्तमान में सितली नाला की सफाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अब नाला के स्टॉप डैम के ऊपर पुल निर्माण के लिए विचार-विमर्श और आगे की कार्यवाही निरंतर जारी है। नाले के दोनों ओर सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब इसके समतलीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस अभियान में जन सहयोग का विशेष महत्व रहा है। कई लोगों ने सड़क निर्माण के लिए अपनी निजी जमीन भी स्वेच्छा से निर्माण के लिए छोड़ी है, जिनका स्वाध्याय केंद्र समिति आभार व्यक्त करते हैं और आगामी उद्घाटन समारोह के दौरान उन सभी का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र के दानदाता भी इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए दिल खोलकर दान दे रहे हैं।

श्रमदान के पश्चात स्वाध्याय केंद्र समिति के सचिव मोहन साहू ने समस्त स्वयंसेवी संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों से आह्वान किया है कि सितली नाला को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए अब से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 6 से 7 बजे तक नियमित रूप से श्रमदान किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल सितली नाला और स्थानीय पर्यावरण को स्वच्छ रखना है, बल्कि जन-सामान्य में सामुदायिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। स्वयंसेवकों की इस सक्रिय भूमिका ने सेवा और समर्पण की भावना को एक नई दिशा दी है।

---

**सेजेस तुमगांव में छात्रों के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान सत्र का आयोजन**

# कॅरियर और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री सेजेस तुमगांव में उच्च कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के समग्र विकास एवं उन्नति के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्रीवास्तव एवं करण सिंह सोरी ने छात्रों को संबोधित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे एवं वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरिल ने दोनों अतिथि शिक्षकों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। सभी शिक्षकगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने अतिथियों का अभिनंदन किया।

श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि करियर सफलता की कुंजी अपनी रुचि और क्षमता को पहचानना है। निरंतर सीखना, अनुशासन और सकारात्मक सोच रखना बहुत जरूरी है। व्यक्तिगत विकास के लिए रोज किताब पढ़ें, समय प्रबंधन करें और असफलता से सीखें। खुद को बेहतर बनाइए, तभी बड़ा लक्ष्य हासिल होगा। सोरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं (जेईई, एनईईटी, यूपीएससी आदि) रणनीति और निरंतर मेहनत से क्लियर होती हैं। रोजाना समय सारणी बनाएं, पिछले वर्षों के प्रश्न हल करें, मॉक टेस्ट दें और गलतियों का विश्लेषण करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और कभी हार न मानें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अतिथियों से व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे ने कहा कि ऐसे सत्र छात्रों के भविष्य को नई दिशा देते हैं और विद्यालय भविष्य में भी ऐसे




कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा। वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरिल ने सभी शिक्षकों की ओर से अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन अतिथियों को शॉल और फल देकर किया गया। छात्र-छात्राएं इस सत्र से प्रेरित नजर आए और उन्होंने इसे अपने करियर प्लानिंग के लिए बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-कर्मचारीगण एल कुरील, आईएल साहू, केआर साहू, सत्यदेव गेंद्रे, अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरें, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, नवीन कुमार दास, तरुण कुमार सिन्हा, लोकेश साहू, डोलेश होता, लक्ष्मी नारायण साहू, सजल चंद्राकर, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बारिहा, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव आदि मौजूद रहे।

